| सत्र 2026 -2027 के लिए पाठ्यक्रम | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **कक्षा - I** | | | | | |
| **विषय - हिंदी** | | | | | |
| | | | | | |
| **सुझावित समय** | **पाठ संख्या** | **पाठ का नाम** | अपेक्षित **दक्षताएँ** | **सीखने के प्रतिफल** | **सुझावित गतिविधियाँ** |
| | **सत्र 1** | | | | |
| **अप्रैल-मई** | 1 | मीना का परिवार | • ध्वनि जागरूकता विकसित करते हैं और **स्वनिमों/ शब्दांशों को मिलाकर शब्द बनाते हैं और शब्दों को स्वनिमों**/ शब्दांशों में विभाजित करते हैं।<br>• प्रभावी ढंग से रोजमर्रा की बातचीत करने के लिए पर्याप्त शब्द जानते हैं, उनका इस्तेमाल करते हैं और मौजूदा शब्दावली का इस्तेमाल करके नए शब्दों के अर्थ का अनुमान लगा पाते हैं। | • शब्दांशों को उनके व्यंजन और स्वर ध्वनियों में तोड़ते हैं।<br>• परिचित शब्द निर्माण के लिए ध्वनियों (स्वर और व्यंजन) को जोड़ते हैं। | **अनुभवात्मक अधिगम-** विद्यार्थी अपना परिचय दें तथा अपने परिवार के बारें में बताएँ। जैसे – आपके परिवार में कौन - कौन है?<br>- आपके परिवार में सबसे प्यारा कौन लगता है? क्यों?<br><br>**कौशल विकास -**<br>1. दो अक्षरों वाले शब्दों को कुछ पर्चियों पर लिखकर पर्ची को दो हिस्सों में अलग करते हुए शब्दों को तोड़ने के लिए कहें। जैसे- भाई - भा + ई<br>2. परिवार के किसी बड़े से उनकी पसंद नापसंद के बारे में पूछें। |
| **अप्रैल-मई** | 2 | दादा दादी | • धाराप्रवाह और सार्थक बातचीत कर सकते हैं।<br>• वर्णमाला के सभी अक्षरों को पहचानते हैं और इस ज्ञान का इस्तेमाल शब्दों को पढ़ने-लिखने के लिए करते हैं। | • ज़्यादा इस्तेमाल किए जाने वाले अक्षरों (संयुक्ताक्षरों सहित) को पहचानते हैं और संबंधित ध्वनियों से उन्हें जोड़ते हैं। | • **अनुभवात्मक अधिगम-** विद्यार्थी अपने परिवार के किसी एक सदस्य के हाव - भाव व बोलचाल का कक्षा में अभिनय करेंगे।<br>• **कौशल विकास** - शिक्षक पर्चियों पर वर्णमाला के अक्षर लिखकर एक पर्ची पिटारा बनावाएँगे। बच्चा किसी एक पर्ची को चुनकर दिए गए अक्षर से सार्थक-निरर्थक शब्दों का निर्माण करे तथा कक्षा में प्रदर्शित करे। जैसे लाला, टाटा, बाबा, काका आदि। |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **अप्रैल-मई** | 3 | रीना का दिन | • छोटी कहानियाँ पढ़ते हैं और पात्र, कथानक और लेखक क्या कहना चाहता है, इसकी पहचान करके, खुद से ही उनका अर्थ समझते हैं।<br>• विविध प्रकार की बच्चों की किताबें चुनने और पढ़ने में रुचि दिखाते हैं। | • कथानक और पात्रों की पहचान करते हैं।<br>• पुस्तक चुनने में अपनी पसन्द स्पष्ट करते हैं, नियमित आवृत्ति पर छोटी पुस्तकें पढ़ते हैं।<br>• बच्चे अपनी संस्कृति की विविधता को समझते हैं। | **कला एकीकृत अधिगम-** चिकनी मिट्टी (clay) से घर में मिलने वाली वस्तुएँ बनवाएँ जैसे - बर्तन, कपड़े, बेड आदि।<br>**भाषा कौशल विकास** - कक्षा लाइब्रेरी से "परिवार" थीम से जुड़ी हुई किसी पुस्तक का शिक्षक के साथ साझा पठन करेंगे।<br>- विद्यार्थी यह पता करेंगे कि उनके सहपाठियों के घर पर अभिवादन कैसे करते हैं।<br>**रचनात्मक गतिविधि** – कक्षा में सभी विद्यार्थियों को निम्नलिखित क्रियाओं का अभिनय करने को कहें-<br>**1.** मंजन कैसे करते हैं?<br>**2.** कैसे नहाते हैं?<br>**3.** बाल कैसे बनाते हैं?<br>**4.** हाथ कैसे धोते हैं?<br>**5.** खाना कैसे खाते हैं? |
| **जुलाई - सितंबर** | 4 | रानी भी | • धाराप्रवाह और सार्थक बातचीत कर सकते हैं। | • बातचीत में शामिल होते हैं, बोलने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते है।<br>• कक्षा में पढ़कर सुनायी गई या जिस पर चर्चा हो, ऐसी गैर-कथात्मक सामग्री के साथ जुड़ते हैं। | **अनुभवात्मक अधिगम-** शैडो गेम (रोल प्ले)- विद्यार्थी रमा और रानी की भूमिका निभाएंगे जिसमें वे एक दूसरे की नकल करेंगे।<br>**भाषा कौशल विकास -** विद्यार्थियों को कहानी में आए चित्रों को दिखाकर उन पर एक - दो वाक्य बोलने के लिए प्रेरित करें ।<br>- शिक्षक बच्चों को एक गोले में बैठाएँ तथा प्रत्येक बच्चे को उनके साथ बैठे अगले बच्चे के बारे में कुछ विशेषताएँ बताने के लिए कहें। |
| **जुलाई - सितंबर** | 5 | मिठाई | • कहानियों और गद्यांशों को सटीकता और प्रवाह के साथ उचित विराम और आवाज में उतार-चढ़ाव के साथ पढ़ते हैं। | • उपयुक्त लय और विराम के साथ छोटे गद्यांशों को सटीक तरीके से पढ़ते हैं। | **रचनात्मक गतिविधि -** पृष्ठ संख्या - 26, 27 पर दिए गए चित्रों की सहायता से समूह में कहानी बनाकर कक्षा के साथ साझा करें।<br>**भाषा कौशल विकास -** विद्यार्थी अपनी पसंद के खाने के बारे बताएँ तथा उसकी सामग्री और स्वाद पर चर्चा करें। |
| **जुलाई - सितंबर** | 6 | तीन साथी | • ध्वनि जागरूकता विकसित करते हैं और स्वनिमों/ शब्दांशों को मिलाकर शब्द बनाते हैं और शब्दों को स्वनिमों/ शब्दांशों में विभाजित करते हैं। | • परिचित शब्द निर्माण के लिए ध्वनियों (स्वर और व्यंजन) को जोड़ते हैं। | **रचनात्मक गतिविधि-** निपुण पिटारे में दिए गए जानवरों के मास्क की सहायता से विद्यार्थी एक कहानी बनाएँ।<br>**कौशल विकास -** शब्दों का उच्चारण करेंगे तथा हर शब्दांश के लिए एक ताली बजाएँगे। जैसे चिड़िया - चि ड़ि या (3 तालियाँ), हा थी (2 तालियाँ)।<br>- पाठ में 'इ/ई' की मात्रा वाले शब्दों पर गोला लगाएँगे। |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **जुलाई - सितंबर** | 7 | वाह, मेरे घोड़े! | • सरल गीतों, तुकबंदियों और कविताओं को सुनते एवं सराहते हैं। | • बड़े (4-8 शब्द के) वाक्य के अपरिचित गीत व कविताएँ ध्यान से सुनते हैं और उनके बारे में बातचीत करते हैं, सवाल पूछते हैं। | **भाषा कौशल विकास -** निपुण पिटारा के हिंदी अक्षरों का प्रयोग करके '__ाल' के आगे विभिन्न अक्षर लगाकर तुकांत शब्द का निर्माण करेंगे। जैसे - ब|ल, द|ल, स|ल आदि। शिक्षक इसी प्रकार से अन्य तुकांत शब्द भी बनवा सकते हैं। |
| **जुलाई - सितंबर** | 8 | खतरे में साँप | • सुनाई गई, बोल कर, पढ़ी गई कहानियों को समझते हैं, पात्र, कथानक और लेखक क्या कहना चाहता है को पहचानते हैं।<br>• स्पष्ट कथानक और पात्रों के साथ छोटी कहानियाँ सुनाते हैं। | • कहानी में कथानक और पात्रों की पहचान करते हैं और कहानी की शब्दावली का उपयोग करके सही क्रम में फिर से कहानी बताते हैं। | **अनुभवात्मक अधिगम-** कक्षा को समूह में बाँट कर कहानी को आगे बढ़ाने को कहें।<br>**भाषा कौशल विकास -** पेज 48-49 पर दिए गए चित्र के विषय में चर्चा करें।<br>**1.** इस चित्र में कौन-कौन से जानवर हैं?<br>**2.** इनमे से किन जानवरों के पैर होते हैं और किन जानवरों के पैर नहीं होते?<br>**3.** सभी जानवर आपस में क्या-क्या बातें कर रहे होंगे?<br>**4.** कौन कौन से जानवर साँप की तरह वहीं बैठे? |
| **जुलाई - सितंबर** | 9 | आलू की सड़क | • प्रभावी ढंग से रोजमर्रा की बातचीत करने के लिए पर्याप्त शब्द जानते हैं, उनका इस्तेमाल करते हैं और मौजूदा शब्दावली का इस्तेमाल करके नए शब्दों के अर्थ का अनुमान लगा पाते हैं। | • चित्र और संदर्भ संकेतों का इस्तेमाल करते हुए अनजान शब्दों के अर्थ का अनुमान लगाते हैं।<br>• शिक्षक की मदद से कहानी का विस्तार करते हैं। | **अनुभवात्मक अधिगम -** भालू और बंदर के मास्क का प्रयोग कर कहानी आगे बढ़ाएँ।<br>- बंदर ने कैसे पता किया होगा कि भालू कहाँ जा रहा है?<br>- जब बंदर भालू को ढूँढ़ लेगा तब वो दोनों क्या बात करेंगे?<br>**भाषा कौशल विकास -** अपनी किसी यात्रा के बारे में कक्षा में बताएँ। |

नोट- उपर्युक्त पाठ्यक्रम पुनरावृत्ति के साथ मध्यावधि परीक्षा से पहले पूर्ण हो जाए।

| | **सत्र - 2** | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **सुझावित समय** | **पाठ संख्या** | **पाठ का नाम** | **दक्षता** | **सीखने के प्रतिफल** | **सुझावित गतिविधि** |
| **अक्टूबर - दिसंबर** | 10 | झूलम-झूली | सरल गीतों, तुकबंदियों और कविताओं को सुनते एवं सराहते हैं। | बड़े (4-8 शब्दों के) वाक्य के अपरिचित गीत व कविताएँ ध्यान से सुनते हैं व दोहराते हैं और उनके | **कौशल विकास -**<br>• निपुण पिटारे के हिन्दी अक्षरों की मदद से तीन अक्षर के शब्द बनवाएँ।<br>• **खेल अधिगम -** शिक्षिका कक्षा में बच्चों को लय आधारित खेल खिलवा सकती है। **उदाहरण –** पोशम्पा, अक्कड़-बक्कड़। |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | बारे में बातचीत करते हैं, सवाल पूछते हैं। | |
| **अक्टूबर - दिसंबर** | 11 | भुट्टे | • छोटी कहानियाँ पढ़ते हैं और पात्रों, कथानक और लेखक क्या कहना चाहता है, इसकी पहचान करके, खुद से ही उनका अर्थ समझते हैं। | • समान पाठ्य और दृश्य सामग्री वाली पुस्तकों का स्वतंत्र पठन शुरू करते हैं।<br>• बातचीत में शामिल होते हैं और अपनी बारी का इन्तजार करते हैं। | • **रचनात्मक गतिविधि -** पृष्ठ संख्या 64 - 65 पर दिए गए चित्र को बच्चे अपने शब्दों में बताएँगे।<br>- भुट्टे की जगह आलू, दूध, गन्ना, आम, मूँगफली आदि चीज़ें रखकर कहानी को दोहराएँ। शिक्षक बच्चों का ध्यान खाने की वस्तुओं और उन्हें खाने के तरीकों (उबालकर, भूनकर, कच्चा) की तरफ ले जाएँ।<br>**कौशल विकास** - कक्षा लाइब्रेरी से अपनी मनपसंद किताब चुनकर स्वतंत्र पठन करेंगे। |
| **अक्टूबर - दिसंबर** | 12 | फूली रोटी | • स्पष्ट कथानक और पात्रों के साथ छोटी कहानियाँ सुनते हैं।<br>• किसी जटिल कार्य के लिए दिए गए मौखिक निर्देशों को समझते हैं और दूसरों को उसी कार्य के लिए स्पष्ट मौखिक निर्देश देते हैं। | • सरल कथानक और पात्रों के साथ ख़ुद की छोटी कहानियाँ सुनाते हैं।<br>• कई चरणों वाले निर्देशों का पालन करते है जिनमें एक बार में 8 से 9 निर्देश हों। | • **खेल अधिगम -** पृष्ठ 75 पर दिए Tongue Twisters को बच्चों से तीन बार जल्दी-जल्दी बुलवाएं। शिक्षक कुछ और उदाहरण भी दे सकते हैं जैसे - पीतल का पतीला पीला-पीला।<br>कुछ ऊँट ऊँचा कुछ ऊँट की पूँछ, कुछ ऊँची ऊँट की पूँछ।<br>**अनुभवात्मक अधिगम -** कुछ विद्यार्थी रोटी बनाने की प्रक्रिया का प्रदर्शन करेंगे तथा हर चरण के बारे में बोलेंगे।<br>- मैंने आटा लिया। फिर उसमें पानी मिलाया आदि। |
| **अक्टूबर - दिसंबर** | 13 | मेला | • धाराप्रवाह और सार्थक बातचीत कर सकते हैं।<br>• छोटी कविताएँ पढ़ते हैं और शब्दों व कल्पना के चुनाव के लिए कविता की सराहना करना शुरू करते हैं। | • कक्षा में पढ़कर सुनायी गई या जिस पर चर्चा हो, ऐसी गैर-कथात्मक सामग्री के साथ जुड़ते हैं, ज्ञान को अपने खुद के अनुभवों से जोड़ते हैं और इसके बारे में बात करते हैं। | • **सृजनात्मक गतिविधि -** पृष्ठ 78- 79 पर दिए गए मेले के दृश्य के बारे में बच्चे अपने शब्दों में बताएँगे।<br>• **अनुभवात्मक गतिविधि -** अपने मेले के अनुभव को कक्षा के साथ साझा करेंगे।<br>• **कला एकीकृत अधिगम -** समूह में विभिन्न आकृतियों से तोरण बनवाएँ। |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **अक्टूबर - दिसंबर** | 14 | बरखा और मेघा | • सुनाई गई, बोल कर पढ़ी गई कहानियों को समझते हैं, पात्रों, कथानक और लेखक क्या कहना चाहता है को पहचानते हैं। | • कहानी में पात्रों व कथानक के आशय की व्याख्या करते हैं और कहानी को अलग रूप में फिर से कहते हैं। | • **अभिनय से अधिगम -** बत्तख और मुर्गी का मास्क बनवाकर पाठ का रोल प्ले करवाएँ ।<br>• **समस्या आधारित अधिगम –** शिक्षिका बच्चों से पाठ्य आधारित समस्या का कोई अलग/नया समाधान सोचने के लिए कहती है। |
| **अक्टूबर - दिसंबर** | 15 | होली | • खुद सरल गीत और कविताएँ बनाते हैं। | • परिचित कविताओं से तुकांत शब्दों की पहचान करते है और नए तुकांत शब्द बनाते हैं। | • **कला एकीकृत अधिगम -** शिक्षक के निर्देशन में होली का चित्र बनवाएँ।<br>• **भाषा कौशल विकास** - तुकांत अंताक्षरी- एक शब्द जैसे "होली" से और तुकांत शब्द बनवाएँ - टोली, भोली, झोली आदि। |
| **जनवरी-मार्च** | 16 | जन्मदिवस पर पेड़ लगाओ | • खुद सरल गीत और कविताएं बनाते हैं। | • शिक्षक की मदद से छोटी कविताओं तुकबंदी का विस्तार/निर्माण करते हैं। | • बच्चों को पेड़ लगाने की विधि के बारे में बताएँ ।<br>• **अनुभवात्मक अधिगम -**विद्यालय के मैदान में एक पौधा या बीज लगाएँ ।<br>• **भाषा कौशल विकास** - छोटी कविताओं के कुछ तुकांत शब्दों को हटाकर बच्चों को सुनाएँ। बच्चों को उन्हें अपनी समझ से पूरा करने/ आगे बढ़ाने के लिए कहें। जैसे-<br>1. घर के पास लगा था मेला,<br>उसमे आया चाट का ______।<br>2. एक डाल पर थी एक मकडी<br>लकड़ी पर बैठी थी _______।<br>मकड़ी खा रही थी ________। |
| **जनवरी-मार्च** | 17 | हवा | • धाराप्रवाह और सार्थक बातचीत कर सकते हैं। | • कक्षा में पढ़कर सुनायी गई या जिस पर चर्चा हो, ऐसी गैर-कथात्मक सामग्री के साथ ज्ञान को अपने खुद के अनुभवों से जोड़ने में सक्षम है और इसके बारे में बात करते हैं। | • समावेशी अधिगम - शिक्षक कक्षा में मौजूद वस्तुओं के नाम बोलेंगे। बच्चे हाथ से इशारे करके दाएँ- बाएँ शब्दों का प्रयोग करके उनकी स्थिति बताएँगे।<br>• **अनुभवात्मक अधिगम** -दाएँ-बाएँ का सफर: आँखों पर पट्टी बाँधकर एक बच्चा साथी के निर्देशों (दाएँ मुड़ो, बाएँ मुड़ो) पर कक्षा में गंतव्य तक पहुँचे।<br>• शिक्षक बच्चों से पूछे की जो बच्चे देख या सुन नहीं सकते, वे कैसे इधर उधर जाते हैं। |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **जनवरी-मार्च** | 18 | कितनी प्यारी है ये दुनिया | • कहानियों और गद्यांशों को सटीकता और प्रवाह के साथ उचित विराम और आवाज में उतार-चढ़ाव के साथ पढ़ते हैं। | • उपयुक्त लय और विराम के साथ छोटे गद्यांशों को सटीक तरीके से पढ़ते हैं। | • छोटे गद्यांशों को उचित लय और विराम के साथ शिक्षक अपने निर्देशन में पढ़वाएँ।<br>• **भाषा कौशल विकास** - पेज 101 पर दिए गए चित्र पर चर्चा करें। |
| **जनवरी-मार्च** | 19 | चाँद का बच्चा | • किताब का बुनियादी ढाँचा /प्रारूप, छपे हुए शब्द और उनकी छपाई की दिशा के आईडिया को समझते हैं, और मूलभूत विराम चिह्नों को पहचानते हैं। | • सामान्य विराम चिह्न (पूर्ण विराम, प्रश्न चिह्न) को पहचानते हैं। | **क्रियात्मक गतिविधि**<br>• पूर्ण विराम और प्रश्न चिह्न से बच्चों को अवगत कराएँ।<br>• क्रियात्मक गतिविधि -शिक्षक बच्चों को कुछ वाक्य बोलेंगे यदि उनमें पूर्ण विराम आए तो बच्चे हाथ ऊपर करेंगे और प्रश्न चिह्न आए तो अंगूठा दिखाएँगे। |

नोट- उपर्युक्त पाठ्यक्रम पुनरावृत्ति के साथ वार्षिक परीक्षा से पहले पूर्ण हो जाए।